# कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

## प्रेस-नोट

**दिनांक-08/05/2025**

**विषयः-थाना सिगरा पुलिस द्वारा कैन्ट ओवर ब्रीज के ऊपर अर्टिगा कार द्वारा एक्सीडेन्ट करके भागने वाले अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार सहित गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0स0- 0141/2025 धारा 281, 125(a), 125(b), 324(4), 105 बी0एन0एस0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्त प्रेम कुमार पुत्र रामदुलारे निवासी पता नामदारपुर, आजमपुर, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़ उम्र 24 वर्ष, श्रीराम काम्पलेक्स थाना क्षेत्र सिगरा से दिनांक 08/05/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरणः-**

आवेदक द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक 04/05/2025 को रात में 09.45 बजे मेरे घर से फोन आया कि तुम्हारे बडे भाई व भाभी भतीजी जो चिरईगांव से वापस आ रहे थे घर के लिए उनका चौकाघाट न्यू फ्लाई ओवर पर लहरतारा शम्भो माता मन्दिर से 200 मीटर पहले फ्लाई ओवर पर पीछे से अरर्टिगा गाडी सवार अज्ञात लोग जो नशे मे धुत थे ने पीछे से जोरदार टकर मार दिया जिससे एक्टिवा क्षतिगस्त हो गयी तथा भाभी की मौके पर ही मौत हो गयी तथा घयलों को तत्काल सिंह मेडिकल एण्ड रिसर्च सेन्टर मलदहिया पर भर्ती कराया गया था जिसके संबंध में थाना सिगरा पर अभियोग पंजीकृत कर किया गया।

**विवरण पूछतांछ -**

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से नाम व पता पूछने पर अपना- प्रेम कुमार पुत्र रामदुलारे निवासी पता नामदारपुर, आजमपुर, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़ उम्र 24 वर्ष बता रहा है कि साहब मैने अपने गाड़ी मालिक अमरजीत यादव के लिए गाड़ी चलाता हूँ, दिनांक 04.05.2025 को मैने मालिक अमरजीत यादव से आर्टिगा गाड़ी ली थी। मै अपने परिचितों को बनारस घूमने लेकर आया था। बनारस घूमने के बाद वापसी के समय हम लोगो ने शराब खरीद ली। हम लोगो ने शराब पी मैने कुछ ज्यादा शराब पी ली थी शराब के नशे में होने के कारण मै गाड़ी कन्ट्रोल नही कर पाया तथा कैंट ओवर ब्रिज पर स्कूटी को टक्कर मार दिया। आज मै आजमगढ़ भागने के प्रयास में था कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र-**

प्रेम कुमार पुत्र रामदुलारे निवासी पता नामदारपुर, आजमपुर, थाना कन्धरापुर, जनपद आजमगढ़ उम्र 24 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

**1.** एक अदद अर्टिगा कार वाहन सं0 UP 50 CF 4155 रंग सफेद घटना में प्रयुक्त।

**<u>गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री पुष्कर दुबे चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0कं0 ब्रजेश कुमार सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0कां0 जितेन्द्र सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन,**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**